

PTI

## अपने हक के लिए सड़कों पर...

- LGBT QIAP+ समुदाय के सदस्यों और समर्थकों का दिल्ली में प्रदर्शन
- केंद्र सरकार के नए ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक 2026 का विरोध कर रहे हैं प्रदर्शनकारी
- प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में तख्तियां ली हुई थी और वे विधेयक के विरोध में जमकर नारेबाजी कर रहे थे

# हिप रिप्लेसमेंट के बाद पूरी की हाफ मैराथन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**64 वर्षीय** डॉ. दीपक चौधरी ने टाइम्स इंटरनेट हाफ मैराथन में 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे 35 मिनट में पूरी की। खास बात यह है कि उन्होंने यह सफलता टोटल हिप रिप्लेसमेंट के सिर्फ 18 महीने बाद हासिल की है। उन्होंने दावा किया कि हिप रिप्लेसमेंट के बाद हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय धावक हैं।

डॉ. चौधरी बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली में आर्थ्रोस्कोपी और स्पोर्ट्स मेडिसिन के वाइस चेयरमैन और हेड हैं। वह सफदरजंग अस्पताल में देश के पहले स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर के संस्थापक निदेशक भी रहे और लंबे समय से भारत में स्पोर्ट्स मेडिसिन के क्षेत्र में सक्रिय हैं।



सर्जरी के 18 महीने बाद 2 घंटे 35 मिनट में पूरी की 21 किमी की दौड़

**बर्लिन से ऑपरेशन टेबल तक :** डॉ. चौधरी 2008 से मैराथन दौड़ रहे हैं। अब तक वह दुनिया भर में 15 से ज्यादा फुल मैराथन और 25 हाफ मैराथन पूरी कर चुके हैं। आज की दौड़ से पहले उनकी आखिरी बड़ी रेस 2019 बर्लिन मैराथन थी, जिसमें उन्होंने 4 घंटे से कम समय में दौड़ पूरी की थी।

# कार से फेंका था बलून, हुआ चालान


## भलस्वा फ्लाईओवर पर हुई घटना, बाइक सवार गिरते-गिरते बचा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भलस्वा फ्लाईओवर** पर कार की पीछे वाली सीट पर बैठे 7-8 साल के बच्चे ने बगल में चल रहे एक बाइक सवार पर पानी का गुब्बारा फेंक दिया। इससे बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह गिरते गिरते बचा। कार के पीछे चल रहे किसी शख्स ने इस घटना की विडियो बनाकर ट्रैफिक पुलिस को टैग करके सोशल मीडिया पर डाल दिया।

घटना 27 मार्च की बताई जा रही है। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी की पहचान कर उसके मालिक को बुलाकर उसका खतरनाक ड्राइविंग सहित अन्य धाराओं में चालान काटने के बाद ड्राइवर को लोकल पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शख्स दिलशाद गार्डन का रहने वाला बताया जा रहा है।

होली के बाद वह बेटी को ससुराल से लेकर अपने घर लौट रहे थे। बेटी ड्राइवर के बराबर वाली सीट पर बैठी हुई थी, जबकि उनका छोटा बच्चा पीछे वाली सीट पर बैठा हुआ था।






बाइक सवार पर जैसे ही गुब्बारा पड़ा, उनका संतुलन बिगड़ा और वह फ्लाईओवर की दीवार से टकराते-टकराते बचे, फिर वह संभले

भलस्वा फ्लाईओवर पर बच्चे ने बराबर में चल रहे एक बाइक सवार पर पानी का गुब्बारा फेंक दिया। इससे बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह गिरते गिरते बचे। किसी तरह से उन्होंने बाइक को कंट्रोल किया। विडियो में घटना के बाद बाइक सवार कार का पीछा करते हुए उसे रुकवाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। एक जगह पर कार रुकती है तो बाइक सवार ने उन्हें बच्चे के कारनामे के बारे में बताया।

28 मार्च को ट्रैफिक पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कार मालिक का पता लगाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छोटे बच्चे पर कोई मामला नहीं बनता, इसलिए कार मालिक का मोटर वीकल एक्ट की संबंधित धाराओं में चालान काटने के बाद उन्हें लोकल पुलिस के हवाले कर दिया।




# लाल किले में मना दिल्ली फतेह दिवस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की ओर से लाल किला पर 243वें दिल्ली फतेह दिवस समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें एलजी तरनजीत सिंह संधू सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस मौके पर एलजी ने कहा कि बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया और बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने लाल किले पर फतेह तो हासिल की, लेकिन न तो वहां कत्लेआम किया और न ही अपना साम्राज्य स्थापित किया।

कमिटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 में बैसाखी के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। कमिटी ने बैसाखी के अवसर पर 13 और 14 अप्रैल को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर स्थित भाई लक्खी शाह वंजारा हॉल में दो दिन का कार्यक्रम होगा। इस मौके पर कमिटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह केपी, उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाना, सचिव सरदार जसमेन सिंह नोनी, जसप्रीत सिंह करमसर आदि मौजूद रहे।



एलजी सहित कई प्रमुख लोगों ने लिया इसमें हिस्सा

# PWD ने MCD की शिकायत की

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ओखला लैंडफिल साइट के पास स्थित रोड पर कूड़े से निकलने वाले लीचेट वॉटर और ट्रकों से गिरने वाले कचरे को लेकर PWD ने सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) में MCD की शिकायत की है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों ने लिखा है कि ट्रकों से जो कूड़ा लैंडफिल साइट पर आता है, उन ट्रकों से रोड के एक लंबे स्ट्रेच पर कूड़ा गिरता है। लैंडफिल साइट पर जमा कूड़े से जो गंदा और गाढ़ा पानी निकलता है, वह रोड पर फैल जाता है। पीडब्ल्यूडी ने सीपीसीबी को लिखे पत्र में मांग की है कि MCD को यह आदेश दिया जाए कि जहां कूड़ा और लीचेट वॉटर फैलता है, उस हिस्से को सीमेंटेड बनाया जाए। पीडब्ल्यूडी ने सीपीसीबी से इस मामले में हस्तक्षेप करने और एमसीडी को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

**ओखला लैंडफिल साइट के पास गिरता है कूड़ा**



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 03-29-2026 22:17 Color:




# देश के नक्सल फ्री होने के टारगेट में सिर्फ दो दिन बचे

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के टारगेट में अब दो दिन बचे हैं। इन 48 घंटों में सरकार देश को नक्सल फ्री होने की घोषणा कर सकती है। लेकिन, इससे पहले देशभर में नक्सलियों के टॉप कैडर में बचे गणपति उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव और मिशिर बेसरा का कोई हल निकालना होगा।

File Photo



इनमें गणपति से अब कोई खतरा नहीं है। 80 साल का गणपति बूढ़ा हो गया है। बाकी बचा, मिशिर बेसरा। इसके बारे में इनपुट है कि वह अपने 50 से अधिक साथियों के साथ झारखंड में दुर्गम सारंडा जंगलों में छिपा हुआ है। झारखंड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सारंडा जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि एक करोड़ रुपए से अधिक का इनामी मिशिर 31 मार्च तक ही आत्मसमर्पण कर दें, नहीं तो वह मुठभेड़ में भी मारा जा सकता है।

छत्तीसगढ़ भी एक तरह से नक्सल फ्री होने की कगार पर है। रविवार को सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना इलाके की पहाड़ी पर मुचाकी कैलाश नाम का एक नक्सली मारा गया।

## चुनावी ड्यूटी के लिए BSF में असिस्टेंट कमांडेंट की 'कमी'

File Photo



ड्यूटी पर सीनियर अफसर यानी डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश


■ मनीष अग्रवाल, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए पैरामिलिट्री (CAPF) के जवानों को तैनात करने के बीच एक समस्या सामने आती दिख रही है। बीएसएफ के कई असिस्टेंट कमांडेंट खासतौर से पश्चिम बंगाल में चुनावी ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इनकी जगह अब इनके सीनियर डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश दिए गए हैं। इस वजह से जो डीसी छुट्टी पर गए थे, उनकी छुट्टियां रद्द की जा रही हैं।

**समय से प्रमोशन न मिलना वजह?** सूत्रों का कहना है, इसके पीछे वजह पैरामिलिट्री यानी CRPF, BSF, CISF, ITBP और SSB में काडर अधिकारियों को समय से प्रमोशन ना मिलने और 'ऑर्गेनाइज्ड ग्रुप-ए सर्विस' के इन अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू ना करने से उपजी असंतुष्टि को भी माना जा रहा है।

### SSB में भी आ रही ऐसी ही समस्या

**एसएसबी की** तरफ से मैसेज में चुनावी ड्यूटी के लिए असिस्टेंट कमांडेंट की जगह इंस्पेक्टरों को कंपनी कमांडर बनाने के लिए कहा गया था। इसके बाद अब बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट की जगह डिप्टी कमांडेंट को लगाने की बात कही गई है। सूत्रों का कहना है कि इससे साफ जाहिर है कि सीएपीएफ के काडर-ए अधिकारियों में समय से प्रमोशन ना मिलने और अन्य मांग पूरी ना होने से कई अधिकारी चुनावी ड्यूटी से बचना चाह रहे हैं।




# ओरिएंट इलेक्ट्रिक का 'उज्जवल' कार्यक्रम इलेक्ट्रिशियनों के के लिए बना प्रगति का मजबूत आधार

भारत की प्रगति केवल बड़े शहरों या उद्योगों से नहीं, बल्कि उन लाखों हाथों से बनती है, जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी को चलाते हैं। इलेक्ट्रिशियन उन्हीं में से एक हैं, जो हमारे घरों, बाजारों और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को बिना रुके चलने में सक्षम बनाते हैं।

देश के कई हिस्सों में आज भी इलेक्ट्रिशियनों को औपचारिक प्रशिक्षण, नई तकनीकों की समझ और उद्योग में उचित पहचान नहीं मिल पाती। इसी वास्तविक जरूरत को समझते हुए, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने अपनी सीएसआर पहल 'उज्जवल' के माध्यम से एक ठोस और दीर्घकालिक प्रयास शुरू किया है जो इलेक्ट्रिशियनों को केवल प्रशिक्षित नहीं करता, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने का सही अवसर देता है।




इस पहल के तहत, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने स्किल इंडिया और समारम्भ फाउंडेशन के सहयोग से तीन वर्षों में 15,000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 4,000 से अधिक केवल पिछले एक वर्ष में जुड़े हैं। आज 'उज्जवल' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय स्तर का स्किल मूवमेंट बन चुका है, जिसकी पहुँच देश के कई शहरों और औद्योगिक क्लस्टर्स तक है।

अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित ये सत्र सिर्फ जानकारी नहीं देते, बल्कि प्रतिभागियों को वह व्यावहारिक समझ और आत्मविश्वास देते हैं, जिससे वे अपने काम को बेहतर तरीके से कर सकें और अपनी कमाई के अवसर बढ़ा सकें। 'उज्जवल' की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसका स्किल इंडिया के साथ संरेखण है, जिससे प्रशिक्षण को एक संरचित रूप मिलता है और प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशन भी प्रदान किया जाता है।

यह सर्टिफिकेट केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिशियनों के लिए एक नई पहचान और भरोसे का प्रतीक बनता है, जो उन्हें बेहतर अवसरों से जोड़ता है। निरंतर प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सही दिशा के साथ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिशियनों को एक मजबूत, सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की ओर आगे बढ़ा रहा है, ताकि वे न सिर्फ अपने जीवन में बदलाव ला सकें, बल्कि देश के विकास में भी अपनी भूमिका और मजबूती से निभा सकें।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in